छतरपुर में भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान

संगठन की मजबूती और बूथ विस्तार पर मंथन

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 मई. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महा अभियान के तहत छतरपुर के 'ला कैपिटल' में रविवार को एक भव्य जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे

हेमंत खंडेलवाल शामिल हुए. प्रशिक्षण के दौरान भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा से परिचित कराने और संगठनात्मक कार्यप्रणाली से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया.

> प्रशिक्षण सत्र के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक गतिविधियों में पूरी सक्रियता के साथ भागीदारी निभाने का आह्वान किया. वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली रीढ़ हैं और उन्हें सरकार की जनहितैषी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने में सेतु का काम करना होगा. इसके साथ ही कार्यक्रम में भाजपा की रीति-नीतियों, केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा डिजिटल दौर में बूथ स्तर तक संगठन को अत्यधिक प्रभावी और मजबूत बनाने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई. नेताओं ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के संकल्प को दोहराया.

इस कार्यक्रम में प्रदेश नेतृत्व के साथ-साथ बुंदेलखंड क्षेत्र के दिग्गज नेता भी मंच पर नजर आए. अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार और भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह गौतम मुख्य रूप से उपस्थित रहे. इसके अलावा छतरपुर जिले के सभी प्रमुख विधायक—ललिता यादव (छतरपुर), राजेश शुक्ला बबलू (बिजावर), कामाख्या प्रताप सिंह (महाराजपुर) और अरविंद पटैरिया (राजनगर) सहित जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे.

पोस्ट ऑफिस कर्मचारी की गला रेतकर हत्या

लवकुशनगर सिविल कोर्ट के पास हुई वारदात

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 मई. लवकुशनगर इलाके में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उनके दिल से कानून और खाकी का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है. शनिवार की रात लवकुशनगर के अक्टोहा तिराहे के पास महज 50 हजार रुपए के लेन-देन के विवाद में पोस्ट ऑफिस कर्मचारी कृष्णकांत गुप्ता (25) की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई. सरेराह हुए इस खूनी तांडव से पूरा नगर दहल उठा है.

जानकारी के मुताबिक, कृष्णकांत को विक्की विश्वकर्मा से 50 हजार रुपए लेने थे, जिसे लेकर हफ्तेभर से तनाव था. शनिवार रात कृष्णकांत अपने साथी सत्येंद्र राजपूत के साथ तिराहे पर बैठा था, तभी आरोपी विक्की विश्वकर्मा, उसके पिता गुड्डन विश्वकर्मा, भरत द्विवेदी और मनीष यादव ने घेरकर हमला कर दिया. आरोपियों ने कृष्णकांत के गले पर चाकुओं से कई वार किए. बीच-बचाव करने आए सत्येंद्र को भी मरणासन्न कर दिया. अस्पताल ले जाते समय अत्यधिक खून बहने से कृष्णकांत की मौत हो गई, जबकि सत्येंद्र का इलाज जारी है. इस वारदात से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है. स्थानीय जनता में तीखा आक्रोश है कि आखिर अपराधियों में पुलिस का डर क्यों नहीं है? अब देखना यह है कि पुलिस इन बेखौफ हत्यारों को कब तक सलाखों के पीछे भेज पाती है.

> मुख्य तिराहे पर सरेआम हुई इस वारदात ने पुलिस गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है. घटना के बाद थाना प्रभारी अजय अम्बे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने मुख्य आरोपी विक्की, पिता गुड्डन विश्वकर्मा, भरत और मनीष यादव सहित अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है.

पोस्ट ऑफिस कर्मचारी की मौत के बाद विलाप करते परिवारजन. इनसेट में मृतक.

तेंदूपत्ता तोड़ रहे युवक की पेड़ से गिरने से मौत

बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा का रहने वाला था युवक

बमीठा (छतरपुर), 24 मई. जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूरजपुरा निवासी संतोष प्रजापति (36 वर्ष) पिता गिरधारी प्रजापति की पेड़ से गिरने के कारण मौत हो गई.

बताया गया है कि संतोष सुबह

चारपाई के सहारे खेत से लाए घर

करीब 7 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था. इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया, जिससे उसके शरीर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं. मृतक के भाई रामस्वरूप प्रजापति ने बताया कि घटना की जानकारी

संतोष की पत्नी राजकुमारी ने फोन पर परिजनों को दी. सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को खेत से चारपाई के सहारे घर लाए. इसके बाद गांव से किराए की टैक्सी कर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया.

> जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने युवक को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया. परिजनों के अनुसार ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में ही संतोष ने दम तोड़ दिया. बाद में शव को वापस जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. रविवार सुबह करीब 11:30 बजे जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया. घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है.

लावारिस ट्रक से लाखों की शराब बरामद

जावर 24 मई. सड़क किनारे एक शेड के समीप लावारिस खड़े ट्रक की जब पुलिस ने तलाशी ली तो उसकी बांछें खिल गईं. ट्रक में अवैध शराब की सैंकड़ों पेटियां भरी थीं. पुलिस ने शराब सहित ट्रक को जब्त करते हुए आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी है. एएसपी सुनीता रावत एवं एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमंत पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब परिवहन पर कार्यवाही की है. रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भोपाल-इंदौर हाईवे रोड़ पर सरहदी से पहले निर्माणाधीन चद्दर शेड के सामने लावारिस हालात में खड़े ट्रक एमपी 09 एचएच 3137 में 1991 अवैध शराब की पेटियां कुल 23 हजार 892 लीटर जब्त की.

ट्रक से टकराए बाइक सवार

दो युवकों की मौत, एक घायल

नवभारत न्यूज

छतरपुर नगर, 24 मई. गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ऊजरा के पास एक सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवारों की मौत हो गई और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलानी के रहने वाले बाइक सवार युवक विगत दिवस ऊजरा के पास सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गए थे. इस भीषण टक्कर में घायल अंशु की झांसी में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक अर्जुन ने जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया.

पोस्टमार्टम और घायल का उपचार

इस दुर्घटना के बाद 24 मई, रविवार सुबह 11:00 बजे जिला अस्पताल छतरपुर में मृतक अर्जुन के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है. वहीं, इस हादसे में घायल हुए तीसरे युवक अभिषेक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार लगातार जारी है.

पानी के टैंक में गिरने से 3 वर्षीय मासूम की मौत

जर्जर ढक्कन टूटने से बच्ची टैंक में गिरी

बमीठा (छतरपुर), 24 मई. जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया. यहाँ बमीठा पावर हाउस के पास किराए के मकान में रहने वाली 3 वर्षीय मासूम बच्ची आरती अहिरवार की पानी से भरे टैंक में गिरने के कारण मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक मासूम आरती अपने माता-पिता और 6 बहनों के साथ किराए के मकान में रहती थी. यह परिवार मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है. रविवार सुबह करीब 5 बजे जब घर के सभी लोग सो रहे थे, तभी मासूम आरती बाथरूम जाने के लिए उठी थी. इसी दौरान वह पानी पीने के लिए मटके के पास पहुंची, जो कि एक जर्जर और जंग लगे पानी के टैंक के ढक्कन पर रखा हुआ था. बताया जा रहा है कि जैसे ही बच्ची वहां पहुंची, टैंक का कमजोर ढक्कन टूट गया और वह सीधे पानी से भरे टैंक के अंदर गिर गई.

एक सप्ताह पहले ही आए थे किराए के मकान में

कुछ देर बाद जब बच्ची की मां सपना अहिरवार की नींद खुली तो बेटी बिस्तर पर नहीं मिली. परिजनों ने तत्काल उसकी तलाश शुरू की, तो मासूम पानी के टैंक के अंदर पाई गई. घटना के बाद परिजन आनन-फानन में बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. परिजनों के मुताबिक, वे करीब एक सप्ताह पहले ही इस मकान में किराए से रहने के लिए आए थे. इस हादसे के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा

सलैया ग्राम पंचायत में गहराया जल संकट

बूंद-बूंद पानी को तरस रहे 850 परिवार

बिजावर (छतरपुर), 24 मई. बिजावर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सलैया पंचायत में भीषण गर्मी के चलते जलसंकट गहरा गया है. गाँव के करीब 850 परिवार पेयजल के लिए परेशान हैं और महिलाएं टैंकरों के पीछे लंबी कतारों में नजर आ रही हैं.

सरपंच निजी खर्च से भेज रहे टैंकर

इस भीषण समस्या के बीच सरपंच जितेंद्र सिंह बुंदेला अपने निजी खर्च से रोजाना 5-6 निशुल्क टैंकर भेजकर ग्रामीणों तक पानी पहुंचा रहे हैं. ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गाँव के सैकड़ों परिवार इस समय पानी के लिए टैंकरों पर ही निर्भर हैं.

विधायक का बयान

जलसंकट की इस स्थिति पर विधायक का कहना है कि भाग्य होगा तो बोर में पानी निकलेगा. पंचायत में पानी की किल्लत के चलते लोग लगातार परेशान हो रहे हैं.

विधायक के निवास पहुंचे केन-बेतवा प्रभावित

नवभारत न्यूज

बिजावर (छतरपुर), 24 मई. केन-बेतवा लिंक परियोजना आंदोलन के दौरान गिरफ्तार हुए प्रभावित ग्रामीण जेल से रिहा होने के बाद सीधे बिजावर विधायक

हाल ही में जेल से रिहा हुए हैं ग्रामीण

मिला हरसंभव मदद का आश्वासन

राजेश शुक्ला के निवास स्थान पहुंचे. यहाँ विधायक ने सभी प्रभावित ग्रामीणों और उनके परिवारों से मुलाकात की.

मुलाकात के दौरान बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने

प्रभावित परिवारों को ढाढस बंधाया और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया. विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार किसी भी पात्र व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने देगी.

मुआवजा सूची में जुड़ेंगे नाम

परियोजना से प्रभावित युवाओं की समस्याओं को सुनते हुए विधायक ने आश्वस्त किया कि मुआवजा सूची से छूटे हुए युवाओं के नाम जल्द से जल्द जोड़े जाएंगे, ताकि उन्हें उनका हक मिल सके.

सड़क, पुलियाओं के निर्माण में धांधली के आरोप

रोड निर्माण पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

चंदला, 24 मई. चंदला क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा घूर ग्राम तथा बेड़ी से शाहपुर बाया लोधीनपुरवा मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. लगभग 4.90 किलोमीटर लंबी इस सड़क की लागत 526.21 लाख रुपए बताई जा रही है. सड़क निर्माण के साथ मार्ग में पुलियों का निर्माण भी किया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि बेड़ी ग्राम के पुरवा के पास बन रहे पुल पर घोर भ्रष्टाचार किया जा रहा है. जिसमें अनुमित लगभग 60% से अधिक डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है, डस्ट के ऊपर केवल रेत का छिड़काव किया जा रहा है, वाइब्रेटर का प्रयोग बिल्कुल नहीं किया जा रहा है, जिसमें गुणवत्ता रत्ती भर नहीं है, गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है. आधा दर्जन से अधिक पुलिया निर्माणों में ऊपर से सीमेंट की लीपापोती की गई है जिससे ऊपर से गुणवत्ता ठीक दिखाई दे लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ और है.

> ग्रामीणों का आरोप है कि हाल ही में बनी कई पुलियाओं में जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगी हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संदेह गहराता जा रहा है. इस सड़क निर्माण कार्य का ठेका संतोष कुमार गुप्ता निवासी पन्ना को दिया गया है, लेकिन उन्होंने यह कार्य अन्य लोगों को सौंप दिया है. पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर काम दिए जाने के कारण निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है. इस पूरे मामले में कार्यपालन यंत्री छतरपुर आशीष भारती से बात की गई पूरे मामले में जांच की बात कही गई,

निरीक्षण

राजस्व विभाग के साथ मिलकर चलाया जा रहा संयुक्त अभियान

खाद्य सुरक्षा टीम ने डेयरी, होटल और जूस सेंटरों से लिए सैंपल

छतरपुर, 24 मई. कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी छतरपुर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर लगातार निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है.

विगत दिवस खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस. के. तिवारी एवं

राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार शशांक जैन की संयुक्त टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पन्ना नाका स्थित बालाजी दूध डेयरी से पनीर एवं देशी घी के सैंपल जांच हेतु लिए गए.

इसके बाद टीम ने अंजना दूध डेयरी का रुख किया, जहाँ से लस्सी एवं मिल्क क्रीम के नमूने संग्रहित किए गए. कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखें तथा खाद्य सामग्री को उचित तापमान पर सुरक्षित भंडारित करें. इसके अलावा डाकखाना क्षेत्र में संचालित बहार जूस सेंटर से भी फलों के सैंपल लिए गए.

होटल 7 बी से भी लिए नमूने

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा दो दिन पूर्व नौगांव रोड स्थित होटल 7 बी का भी सघन निरीक्षण किया गया था. वहाँ से दाल, चावल, पनीर टिक्का एवं ग्रेवी सहित तैयार खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए थे. प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, एकत्र किए गए सभी सैंपलों को गहन परीक्षण हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.

क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
दीनदयाल नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सागर (म.प्र.)

लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्र. एस.ओ. 1533 (E) दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित प्रावधान अनुसार सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि ग्राम मनिया, तहसील-राजनगर, जिला-छतरपुर (म.प्र.) में निम्नानुसार खनन परियोजना प्रस्तावित है :-

M/s. M.K. Granite & Marble "Maniya Granite Mine" Mining of Minerals, Capacity Granite Stone mine is 3,499 M³/Year, Area 2.614 Hect. at Khasra No. 1261, 1276, Village Maniya, Tehsil Rajnagar and District Chhatarpur (M.P.).

उक्त खदान के प्रबंधक द्वारा State Level Expert Appraisal Committee, Bhopal से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के समक्ष लोक सुनवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है.

आवेदक द्वारा उक्त परियोजना की इन्वायरमेन्टल इम्पेक्ट असेसमेंट स्टडी रिपोर्ट, उसका कार्यपालक सार (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में) तथा उक्त दस्तावेजों की डिजिटल प्रतिकृति काम्पेक्ट डिस्क (सी.डी.) में प्रस्तुत की है, जो जन-सामान्य के अवलोकनार्थ सरपंच, ग्राम पंचायत, ग्राम-मनिया, तहसील-राजनगर, जिला-छतरपुर, कलेक्टर कार्यालय छतरपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय छतरपुर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छतरपुर, क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्या. पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल तथा क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर सहित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट www.mppcb.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी एवं इच्छुक नागरिक इसका अवलोकन कर सकते हैं.

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खनन परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दीन दयाल नगर, सागर में प्रस्तुत कर सकते हैं.

उक्त खनन परियोजना के संबंध में कलेक्टर महोदय के द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 25.06.2026, दिन-गुरुवार, समय अपरान्ह 01.00 बजे से अनुविभागीय अधिकारी, राजनगर, जिला-छतरपुर की अध्यक्षता में स्थान खनन स्थल के समीप, ग्राम-मनिया, तहसील-राजनगर, जिला-छतरपुर (म.प्र.) में किया जावेगा. इच्छुक नागरिक उपरोक्तानुसार लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति लिखित / मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं.

क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर